बिहार सरकार,
पर्यावरण एवं वन विभाग।

# संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना।

## पटना चिड़ियाघर में भ्रमण करने वालों से
## अपील

**पटना चिड़ियाघर शहर के महत्वपूर्ण स्थल पर अवस्थित है जो पर्यावरण तथा वन्यजीवों के संरक्षण हेतु समर्पित है। चिड़ियाघर का मुख्य उद्देश्य देश की समृद्ध जैव–विविधता, विशेषकर वन्यजीवों के संरक्षण में राष्ट्रीय प्रयासों को और आगे बढ़ाना, संकटापन्न प्रजातियों का संरक्षण, वन्यजन्तुओं के प्रति आमजन में जागरूकता एवं सहानुभूति पैदा करना तथा वन्यजीवों का प्रजनन कराकर उन्हें वन्यजगत में पुनर्वासित करना है। चिड़ियाघर के संचालन की व्यवस्था हेतु राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय मानक स्थापित हैं। इन मानकों के अनुपालन हेतु मार्ग–निर्देश भी निर्धारित हैं जिनका अनुश्रवण राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली के द्वारा किया जाता है।**

पटना चिड़ियाघर में निवास करने वाले वन्यप्राणियों के हित, स्थानीय जनमानस की सुविधा तथा केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देश के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं:–

- 15 अक्टूबर, 2016 से पटना चिड़ियाघर में दर्शकों के लिए भ्रमण अवधि बढ़ाई गई है। नए समय के अनुसार मार्च से अक्टूबर तक प्रातः 5.00 बजे से संध्या 6.00 बजे तक तथा नवम्बर से फरवरी तक प्रातः 6.00 बजे से संध्या 6.00 बजे तक अब पटना चिड़ियाघर खुला रहेगा।
- 15 अक्टूबर, 2016 से वन्यप्राणियों के संरक्षण, मानकों के अनुपालन एवं चिड़ियाघर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिड़ियाघर में अनाधिकृत निःशुल्क प्रवेश पूर्णतः वर्जित किया गया है।
- चिड़ियाघर में जिन क्षेत्रों में वन्यप्राणी प्रजनन करते हैं, उन क्षेत्रों में 8.00 बजे पूर्वाह्न तक प्रवेश निषेद्ध रहेगा।
- प्रवेश में अनावश्यक कतार नहीं लगने के उद्देश्य से 10 नए इलेक्ट्रॉनिक इंट्री सिस्टम लगाये गए हैं। अब गेट न० एक पर 12 तथा गेट न० दो पर 8 इलेक्ट्रॉनिक इंट्री सिस्टम हो जायेंगे।
- आगन्तुकों के बेहतर सुविधा हेतु 24 x 7 ऑनलाईन मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक टिकट की भी व्यवस्था वेबसाईट www.zoopatna.com पर की गई है। यह टिकट केवल ऑनलाईन ही उपलब्ध रहेगा। ये टिकट RFID-cum-Bar code स्मार्ट कार्ड के रूप में दिया जायेगा।
- पटना चिड़ियाघर प्रत्येक 'सोमवार' को निर्धारित भ्रमण अवधि में आगन्तुकों के लिए बन्द रहेगा।

**पटना चिड़ियाघर में आने वाले वन्यप्राणी प्रेमियों से अनुरोध है कि वन्यजीवों के हित में उपर्युक्त परिवर्तित व्यवस्था लागू करने हेतु समुचित सहयोग देने की कृपा करें एवं उक्त की जानकारी अपने स्तर से सभी संबंधितों को देने की कृपा करें ताकि किसी को भी चिड़ियाघर के भ्रमण में अनावश्यक असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।**

इस संबंध में विशेष जानकारी वेबसाईट www.zoopatna.com पर तथा गेट न० 2 पर अवस्थित ''सुविधा केन्द्र'' से प्राप्त किया जा सकता है।

**पटना चिड़ियाघर प्रबंधन आप सभी से आवश्यक सहयोग की अपेक्षा रखता है।**
**आपके इस सहयोग के लिये कोटिशः धन्यवाद।**

निवेदक,
(नन्द किशोर, भा०व०से०)
निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना।